# दो स्कूलों में 28 में से 5 शिक्षक मिले

## मिडिल एवं हाई स्कूल मेहर के निरीक्षण में अनुपस्थित शिक्षकों की वेतन वृद्धि रोकने व काटने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सागर 11 जुलाई. जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला मेहर एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेहर विकासखंड राहतगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया.**

**संस्था प्राचार्य के निलंबन की कार्रवाई प्रस्तावित की**

शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला मेहर में कुल पदस्थ शिक्षक 12 हैं जिसमें से चार शिक्षक उपस्थित मिले तीन शिक्षक चिकित्सा अवकाश पर हैं एवं 5 शिक्षक विद्यालय में अनुपस्थित पाये गये. अनुपस्थित शिक्षकों में श्रीमती रागिनी बोहरे मा.शि. श्रीमती आशा खटीक सहा. शि., श्रीमती नंदनी वर्मा प्रा.शि., श्रीमती सरिता शुक्ला प्रा.शि एवं श्रीमती कंचन मिश्रा प्रा.शि. शामिल हैं. अनुपस्थित लोक सेवकों का एक दिवस का वेतन काटने की कार्यवाही करते हुए संबंधितों की एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रवाह से रोकने संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेहर विकासखंड राहतगढ़ का औचक निरीक्षण लगभग 11 बजे किया गया विद्यालय में कुल नियमित पदस्थ लोक सेवक 16 एवं अतिथि शिक्षक 4 हैं.

### अतिथि शिक्षकों की सेवाएं समाप्त होंगी

मिली जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान एक शिक्षक संस्था में उपस्थित मिले और कोई भी अतिथि शिक्षक उपस्थित नहीं मिले. अनुपस्थित लोकसेवकों में देवेन्द्र कुमार बिलथरे, मिथलेश मिश्रा, कौशल गुसाई, दिनेश पांडे, गोविंद प्रसाद विश्वकर्मा, अमोल मिश्रा, पी.एल. अहिरवार, श्रीमती संगीता यादव, राकेश भिडे, श्रीमती लीलाबाई अहिरवार, संजय सिंह राजपूत, मनोज चौधरी हैं. जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन द्वारा संस्था के प्रभारी प्राचार्य के निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित की. अनुपस्थित लोक सेवकों का एक दिवस का वेतन काटने की कार्यवाही करते हुए संबंधितों की एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रवाह से रोकने संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया एवं कार्यरत अतिथि शिक्षकों की सेवा समाप्ति की कार्यवाही प्रस्तावित की गई है.मालूम हो कि पिछले दिनों कलेक्टर संदीप जी.आर ने शहर की स्कूल का निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश गए दिए थे.

### नेहानगर में चातुर्मास कलश स्थापना आज

**सागर.** ऐलक श्री दयासागर महाराज का वर्षायोग चातुर्मास श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर नेहा नगर में होने जा रहा है. मंदिर कमेटी अध्यक्ष नीलेश जैन भूसा ने बताया पावन वर्षायोग कलश स्थापना का कार्यक्रम 12 जुलाई को प्रात: 8 बजे से नेहानगर मंदिर प्रांगण से संपन्न होगा. मंदिर कमेटी के पदाधिकारी संजय जैन पटवारी एवं सतीश जैन श्रीजी ने बताया कि प्रात: श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा, आचार्य श्री की संगीतमय पूजन, चातुर्मास कलश स्थापना, ऐलक श्री के मंगल प्रवचन का कार्यक्रम रखा गया है. कार्यक्रम ब्र. धीरज भैया द्वारा संपन्न कराया जाएगा.

**सागर मौसम**

अधिकतम 27.1 (-4)

न्यूनतम 23.7 (सा.)

आर्द्रता : सुबह/शाम : 93/97

# आवारा पशुओं के विचरण पर रोक लगे

नवभारत न्यूज

**सागर 11 जुलाई. नगरीय निकाय के अधिकारी सड़क से गोवंश को पकड़ने कार्रवाई करें एवं निकायों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को माह की एक तारीख को वेतन मिले.**

नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक कलेक्टर संदीप जी.आर की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में मुख्य सड़कों पर विचरण कर रहे गोवंश को तत्काल पकड़ने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी गोवंश विचरण करती पाए जाते हैं तो इस पर वह मालिक पर भी जुर्माने की कार्रवाई सुनिश्चित की जावे. उन्होंने कहा कि सभी नगरीय निकायों में सड़कों पर स्ट्रीट लाइट, स्वच्छता का प्रबंधन विशेष रूप से किया जावे.उन्होंने निर्देश दिए की सीएम हेल्पलाइन की शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल



उसका निराकरण किया जाए और संबंधित से व्यक्तिगत संपर्क करें और निराकरण करें. इसी प्रकार सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों की पेंशन प्रकरण भी लंबित नहीं रहना चाहिए उन्होंने कहा कि सभी नगरी निकायों में विशेष कैंप लगाए और सभी प्रकार की ईकेवाईसी का अपग्रेडेशन करें. उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (प्रथम एवं द्वितीय चरण) की अद्यतन स्थिति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए.

समग्र ईकेवायसी, आयुष्मान कार्ड, सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण, बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन की पूर्व तैयारियों, तथा वर्षाकाल में सड़कों पर विचरण करने वाले आवारा मवेशियों/पशुओं की समस्या के स्थायी समाधान हेतु ठोस कार्य योजना बनाने के निर्देश भी दिए. बैठक में संयुक्त कलेक्टर देवेंद्र प्रताप सिंह, परियोजना योजना अधिकारी सचिन मसीह सहित मुख्य नपा अधिकारी एवं उपयंत्री उपस्थित रहे.

### एक नजर में



### सामुदायिक भवन निर्माण के लिए स्वीकृति

**सागर.** विवेकानंद वार्ड में विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से पार्षद डॉ. याकृति जड़िया ने विधायक शैलेंद्र जैन से वार्ड की प्रमुख समस्याओं और आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा की. इस दौरान पार्षद डॉ. जड़िया ने वार्ड में एक सामुदायिक भवन के निर्माण की मांग की, जिसे सुनते ही विधायक श्री जैन ने तत्काल स्वीकृति प्रदान कर दी. पार्षद डॉ. जड़िया ने बताया कि वह लगातार वार्ड के विकास के लिए प्रयासरत हैं और भविष्य में भी नाली, सड़क, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर कार्य कराए जाएँगे.



### अभाविप की नगर कार्यकारिणी हुई गठित

**राहतगढ़.** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 77 वे स्थापना दिवस पर नगर के मुख्य मार्गो से वाहन रैली निकाली गई. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभाविप सागर नगर मंत्री आदित्य सिंह ठाकुर ने परिषद के सदस्यों की बैठक ली. जिसमें परिषद की नगर कार्यसमिति गठित की गई. सर्वसम्मति से आनंद साहू को अभाविप नगर इकाई का अध्यक्ष बनाया गया. राज चौबे, अनुराग कुर्मी, उदित चौबे, समीक्षा यादव को कार्यसमिति में शामिल किया गया. नवनियुक्त पदाधिकारियों अभाविप के गमछा से सम्मानित किया गया.



### सीआर मॉडल स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

**सागर.** सीआर मॉडल बहु उच्चतर माध्यमिक शाला नरयावली नाका वार्ड में गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य आरके सेन ने की. मुख्य अतिथि वरिष्ठ शिक्षक एसएम औदिच्य, आमंत्रित अतिथि पूर्व प्राचार्य एस के रोहण उपस्थित थे. वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती अनीता गुरू की महिमा पर विस्तार से प्रकाश डाला. संचालन डॉ अरुण कुमार सोनी किया. आभार योगेश घोषी ने माना. इस दौरान छात्र एवं स्टॉफ उपस्थित रहा.



### कवि विद्रोही को मिला साहित्यश्री सम्मान

**ललितपुर.** कवि वीरेंद्र विद्रोही के लिये स्व. कपिलदेव खरे स्मृति विश्व कीर्तिमान धारी संस्था कपिलश फाउंडेशन की ओर से नोएडा में आयोजित आयोजन में साहित्यश्री सम्मान की उपाधि से सम्मानित किया गया. कवि जैन वीरेंद्र विद्रोही की इस उपलब्धि पर शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया. कवि विद्रोही ने कई राज्यो में काव्यपाठ कर जिले का नाम रौशन किया है और निरंतर काव्यपाठ के लिए आमंत्रित किये जाते है. उनकी बेटियों पर लिखी कविता पूरे देश में बड़े मन से सुनी जाती है. साहित्यश्री सम्मान मिलने पर संस्था के लक्ष्मी खरे, शिप्रा खरे, जयकिशन का आभार व्यक्त किया.

### 9 वाहनों से 9500 जुर्माना वसूला

**सागर.** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी,मनोज कुमार तेहनगुरिया ने प्रवर्तन अमले के साथ भोपाल रोड, दमोह रोड एवं बीना रोड पर 24 वाहनों को चैक किया गया. श्री तेहनगुरिया ने बताया कि 1 यात्री बस में आपातकालीन द्वार के सामने लगी सीट हटवाकर जप्त की. कार्रवाई के दौरान 9 वाहनों से रू. 9500 रुपए जुर्माना वसूल किया गया.

# आरओबी का लोकार्पण आज

नवभारत न्यूज

**सागर 11 जुलाई. रेल्वे गेट-28 के नवनिर्मित आरओबी के लोकार्पण एवं संत रविदास स्मारक पहुंच मार्ग का भूमिपूजन समारोह 12 जुलाई को लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह करेंगे.**

जानकारी के अनुसार सागर और मकरोनिया और आसपास के इलाकों से रोजाना 70 हजार लोगों के आवागमन को सुलभ और समय बचाने का काम रेलवे ओवर ब्रिज का लोकार्पण करेगा. विधायक प्रदीप लारिया ने बताया कि हालांकि कुछ बिलंब हुआ है,



कोरोना काल के कारण कामकाज प्रभावित हुआ. इसके साथ ही रेल्वे द्वारा डिजाईन अनुमति मिलना तकनीकी पैमानों के अनुरूप में समय लगता है. विधायक श्री लारिया द्वारा रेल्वे से अनुमति शीघ्र मिले इस हेतु डीआरएम जबलपुर से लगातार मुलाकात की. डीआरएम द्वारा तकनीकी दल भेज कर कार्य को गति प्रदान की. ब्रिज के निर्माण कार्य में आई समस्याओं का निराकरण करने के लिए भोपाल से लेकर जबलपुर तक लगातार प्रयास किया गया.

# जुआफड़ पर छापा, 21 जुआरी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**बीना11 जुलाई. गांधी वार्ड स्थित अपना नगर कॉलोनी में छोटी बजरिया पुलिस ने हार-जीत का दांव लगाते हुए 21 जुआरियों को गिरफ्तार किया है. जिनसे 46 हजार रुपए व तीन लाख रुपए के मोबाइल जब्त किए गए है. कुछ जुआरियों पर पूर्व से आपराधिक मामले है उन्हें जेल भेजा है.**

यह कार्रवाई एसडीओपी नितेश पटेल के निर्देश व थाना प्रभारी अनूप यादव के मार्गदर्शन में की गई. कार्रवाई में राजा बाल्मीकि, सूजल सिसोदिया, छोटू पाल



सुशील अहिरवार, शाहरुख खान निवासी कुरवाई विदिशा, मयंक अहिरवार, इंदर अहिरवार, अभिषेक रजक, पवन खटीक, विजय यादव आशीष अहिरवार, ऋषि अहिरवार, इश्तयाक अहमद, बुंदेल यादव, मनोज कुशवाह, अब्दुल कादिर हुसैन निवासी कुरवाई, वाजिद खान निवासी लायरा विदिशा, गौतम कलावर सिंह निवासी करमौदिया गंजबासौदा, नफीस निवासी सिरावली कुरवाई, देवेन्द्र पंथी कुरवाई विदिशा, नरेन्द्र मालवीय आदि से 46 हजार 840 रुपए जब्त किए गए है.

### गुरु पूर्णिमा मनाई गई


**सागर.** गुरु पूर्णिमा पर बंडा स्थित निम्मो बालाजी वृद्धाश्रम समिति द्वारा गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में समिति की अध्यक्ष निम्मो खान ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया. समिति अध्यक्ष निम्मो खान ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर हैं और उनका आशीर्वाद ही असली पूंजी है. उन्होंने आश्रम में रह रहे सभी बुजुर्गों को फूल-मालाएं भेंट कीं और मिठाई बांटी. इस दौरान समिति की वंदना जूदहा, रेशमा खान, मुन्नी खान, आनंद गुप्ता, सोना, जूली आदि मौजूद थीं.

# कठैली मुख्य सड़क पर भरा रहता पानी

नवभारत न्यूज

**खुरई 11 जुलाई. कठैली गांव की मुख्य सड़क के दोनों और नाली न होने से रहवासियों का रह पाना दूभर हो रहा है.**

जानकारी के अनुसार तहसील मुख्यालय से 7 किमी की दूरी पर स्थित ग्राम कठैली के मुख्य मार्ग पर पानी भरा रहता है, जिससे गांवों के हजारों लोगों को आवागमन में असुविधा उत्पन्न हो रही है. अनेकों वर्षों से ग्रामीणों की इस समस्या का समाधान पंचायत-प्रशासन नहीं कर पा रहा है. सड़क के बीचों बीच पानी का जमाव रहने से ग्रामवासियों का



आवागमन कर पाना मुश्किल हो रहा है, उक्त मार्ग पर खुरई से राहतगढ़, बेगमगंज रायसेन और भोपाल जाने वाले वाहनो का बहुतायत संख्या मे 24 घंटों आना जाना बना रहता है. इस वजह से मौजूद पानी उछलकर रहवासी घरों के अंदर तक पहुंच जाता है.

सड़क के दोनों और रहवासी मकान है और सड़क में गड्ढे और पानी मौजूद हैं, जहां पानी निकासी के लिए कोई रास्ता नहीं है. पैदल चलने वालों के साथ हमेशा कोई न कोई दुर्घटना होती रहती है. ग्रामीणजनों ने अनेकों बार प्रशासन को अवगत भी कराया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका.

### पंजीयन शीघ्र कराएं

**सागर.** तुलसी फाउंडेशन के तत्वाधान में कावड़ यात्रा का आयोजन 1 अगस्त को कावड़ यात्रा एक अगस्त को सागर से बरमान के लिए प्रस्थान करेगी और 4 अगस्त को सागर आयेंगी.तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के अध्यक्ष प्रदीप राजौरिया ने बताया कि कावड़ यात्रा में चलने वाले सभी कावड़ यात्रियों का पंजीयन कार्य आज से प्रारंभ हो गया है जो भी कावड़ यात्री यात्रा में जाने के इच्छुक हो वह रामबाग मंदिर बड़ा बाजार पहुंच कर एवं चिन्हित लोगों मोबाइल पर संपर्क कर पंजीयन अनिवार्य रूप से करायें.

# सिद्धेश्वर उद्यान में पौधारोपण



नवभारत न्यूज

**सागर 11 जुलाई. विधायक शैलेंद्र जैन ने पौधारोपण अभियान के अंतर्गत शिवाजी वार्ड स्थित श्री सिद्धेश्वर उद्यान में पौधारोपण किया.**

उल्लेखनीय है कि विधायक श्री जैन ने इस बारिश के मौसम में प्रतिदिन पौधारोपण का संकल्प लिया है और लोगों से एक वर्ष में कम से कम 50 पौधे लगाने का आग्रह किया है. इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, अमित बैसाखिया, विक्रम सोनी, मनीष चौबे, हेमंत यादव, सुबोध पाराशर, प्रासुख जैन, मनोज चौरसिया, राहुल वैद्य, सुमित यादव, रामकृष्ण आठिया, शैलेंद्र यादव, पंकज भट्ट, शिव यादव, दीपक दुबे मौजूद रहे.

# विश्वविद्यालय की एडमीशन सेल के उपेक्षापूर्ण व्यवहार से छात्र परेशान

नवभारत न्यूज

**सागर 11 जुलाई. डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय का एडमीशन सेल छात्रों की मदद करने के बजाय अब उनके लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है. प्रवेश प्रकोष्ठ में न तो छात्रों की सुनवाई होती है और न ही समस्याओं का कोई समाधान मिलता है.**

मिली जानकारी के अनुसार पहली और दूसरी काउंसलिंग के दौरान अनेक अभ्यर्थी और उनके परिजन विवि परिसर में भटकते नजर आए. कोई 1500 तो कोई 1800 किमी दूर से यहाँ प्रवेश के लिए आया, पर उन्हें न सही जानकारी मिली, न सहयोग. परेशान छात्रों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है.

रसायन विज्ञान विभाग में सामने आई, जहाँ पास के गाँव राहतगढ़ और खुरई के बीच स्थित से आने वाला छात्र तरणदीप पी.जी. में एडमिशन लेना चाहता था. पिछले वर्ष उसे यह कहकर भगा दिया गया कि उसकी बैक है, जबकि वह क्लियर हो चुका था. इधर, दर्जनों छात्र बैक होने के बावजूद प्रवेश पा चुके थे और अब दूसरे वर्ष में पढ़ रहे हैं. इस वर्ष भी तरणदीप ने ईडब्ल्यूएस श्रेणी से आवेदन किया था. उसे पहली काउंसलिंग में सीट मिलने ही वाली थी कि उसी दौरान एक अन्य छात्र, जिसे किसी शिक्षक के निजी परिचय के दम पर देर से लाकर काउंसलिंग में बैठाया गया, उसे तरणदीप की सीट दे दी गई जबकि वह सामान्य श्रेणी का छात्र था. शिकायत करने पर सीट को होल्ड पर डाल दिया गया, लेकिन दूसरी काउंसलिंग में भी मामला नहीं सुलझा.

### भाग्योदय में चातुर्मास कलश स्थापना आज

**सागर.** जैन धर्म के आचार्य संघ, मुनि संघ और आर्यिका संघ के वर्षायोग चातुर्मास 9 जुलाई से प्रारंभ हो गए आचार्य श्री समय सागर महाराज का चातुर्मास जबलपुर में 13 जुलाई को कलश स्थापना के साथ प्रारंभ होगा. वही भाग्योदय तीर्थ सागर में 12 जुलाई को मुनिश्री विमलसागर मुनिश्री अनंत सागर महाराज का कलश स्थापना समारोह दोपहर 1 बजे से होगा. मुनि सेवा समिति के सदस्य मुकेश जैन ढाना ने बताया कि भाग्योदय तीर्थ में कलश स्थापना की तैयारियाँ जोरों पर है. कार्यक्रम में दीक्षित, सभी मुनि और आर्यिकाओ के परिजनों को आमंत्रित किया गया है.चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश जैन पारस और महामंत्री सीए सुदीप जैन ने कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है.

# पुलिसकर्मियों पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया

नवभारत न्यूज

**बंडा 11 जुलाई. वार्ड क्रमांक 12 निवासी श्रीमती पार्वती लोधी के साथ पुलिसकर्मी आरक्षक पुष्पेन्द्र शर्मा और दुर्गेश सोनी द्वारा किए गए कथित अमानवीय और असंवैधानिक व्यवहार को लेकर सर्वसमाज के लोग बंडा कृषि उपज मंडी में एकत्रित हुए.**

जुलूस के रूप में एसडीओपी कार्यालय पहुंचे और वहां पुलिस अधीक्षक के नाम एसडीओपी प्रदीप बाल्मीकि को ज्ञापन सौंपा गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ पुलिसकर्मी बिना किसी गिरफ्तारी वारंट या लिखित आदेश के श्रीमती लोधी के घर में जबरन घुस आए. आरोप है कि इस दौरान कोई महिला पुलिसकर्मी भी मौजूद नहीं थी, जो कि कानूनी रूप से अनिवार्य है.



पुलिसकर्मियों ने पार्वती के एक रिश्तेदार की निजी गाड़ी को भी जब्त कर लिया, जबकि उसका इस प्रकरण से कोई संबंध नहीं था. उन्होंने दोषी पुलिसकर्मियों पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई, पीड़िता को सुरक्षा एवं न्याय प्रदान करने और पूरे मामले की उच्चस्तरीय व निष्पक्ष जांच की मांग की है. चेतावनी दी है कि यदि समय पर उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो सर्वसमाज उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा.

एसडीओपी प्रदीप बाल्मीकि ने निष्पक्ष जांच कर जांच प्रतिवेदन पुलिस अधीक्षक को भेजने का आश्वासन दिया. ज्ञापन सौपने वालों में भूपेन्द्र सिंह लम्बरदार, पूर्व विधायक तरवर सिंह, कल्यान सिंह, संतोष लोधी, रामबिहारी सिंह, डा. रामराजा सिंह, राजाभैया सिंह नौराज, हेमराज लोधी, अमान सिंह खारमऊ, जितेन्द्र साहू, शिवराज सिंह मगरधा, उमाकांत मिश्रा, सहित बडी संख्या में सर्वसमाज के लोग शामिल थे.

# गुरु पूर्णिमा पर किया गुरुओं का सम्मान

नवभारत न्यूज

**बांदरी 11 जुलाई. भाजपा द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व पर अलग-अलग मंदिरों में गुरूजनों का सम्मान किया गया.**

विधायक प्रतिनिधि सतेंद्र सिंह बामोरा ने बांदरी गायत्री मंदिर में पहुंचकर पं. भूपेंद्र शुक्ला, खेज़रा महाकाल धाम में पंत्र महेश तिवारी, चन्द्रापुर में संत कलूदास महाराज पिथौली में संत संत किशोरी महाराज का शाल-श्रीफल व सम्मान पत्र भेंटकर सम्मान किया. श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्र के विधायक व पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कई मंदिरों का



नवनिर्माण कराया है. श्री सिंह ने कहा कि पूर्णिमा वह पवित्र दिन है जब समर्पित शिष्य अपने गुरुओं का सम्मान करने के लिए एकत्रित होते हैं, वे मार्गदर्शक प्रकाश जो हमें अंधकार से ज्ञान की ओर ले जाते हैं और हमें जीवन के संघर्षों से ऊपर उठने की शक्ति प्रदान करते हैं. इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल पाराशर, नप अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, अभय सिंह डीआर रोहित कल्लू राजपूत महेंद्र यादव, उमेश राय, इंदराज सिंह राजेंद्र सिंह, सम्मर सिंह सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# मारपीट मामला तूल पकड़ा

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 11 जुलाई. नगर पालिका कार्यालय में वार्ड सं. 15 से पार्षद मनमोहन चौबे एड. के साथ हुयी मारपीट का मामला अब गरमाता नजर आ रहा है.**

प्रकरण की जांच कराकर हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर ब्राह्मण महामण्डल ने जिलाध्यक्ष अशोक पटैरिया के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है. ज्ञापन में बताया कि पार्षद मनमोहन चौबे के साथ नगर पालिका के कर्मियों द्वारा प्राणघातक हमला कर बुरी तरह से मारपीट कर अपमानित किया गया. उन्होंने प्रदेश सरकार से प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच करायी जाकर कार्यवाही की जाये, जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो. इस दौरान अध्यक्ष अशोक पटैरिया, नागरिक विकास मोर्चा अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा, अंकित पटैरिया, पवन संज्ञा, प्रमोद बबेले, डा.मुकेश तिवारी, मदनमोहन शर्मा, श्याम बिहारी चौबे, बलराम पचौरी, शक्ति पाठक, रितु समाधिया, प्रमोद गोस्वामी, अरविन्द संज्ञा, नीरज रिछारिया, नेहा, राजेश दुबे, गीता दुबे, शिवेन्द्र चौबे, राजीव कुमार मौजूद रहे.



### पौधारोपण किया

**ललितपुर.** भारत विकास परिषद के 63 वें स्थापना दिवस पर मुख्य शाखा ने अध्यक्ष जितेंद्र जैन के फार्म हाउस पर वृक्षारोपण का किया. इस दौरान जितेन्द्र जैन, मनोज कुमार जैन, साकेत जैन, डा.संजीव कंडकी, पवन जैन, मनोज सराफ, सुबोध गोस्वामी, नरेंद्र जैन, आनंद मोहन दुबे, नीरज जैन, राजीव जैन, प्रवीण जैन समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे. संयोजक पर्यावरण विशाल सराफ ने सभी का आभार व्यक्त किया.